p; Need to undertake repair of National Highways in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh and redesign the roads and dividers often causing fatal accidents and also send a central team to undertake physical inspection of N.H. No.25 between Kanpur and Jhansi.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन (उत्तर प्रदेश) के जालौन-गरौठा-भोगनीपुर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (पीआईयू) द्वारा झांसी में करीब 100 करोड़ का कार्य वर्ष 2005 में आवंटित किया गया था जो वर्ष 2014 में समाप्त हुआ जिसकी लागत करीब 1200 करोड़ से अधिक आई है। इसके साथ ही कई करोड़ रूपए कन्सलटेंसी में खर्च किये गये। कई करोड़ के ऑर्बिटेशन बाद में भी चल रहे हैं। इतनी राशि खर्च होने के बावजूद सड़कों की स्थिति दयनीय है तथा ओवर ब्रिज से उतरने के लिए एक भी सड़क मानकों के अनुरूप नहीं बनायी गयी है। यहां तक कि फोर लाइन को जोड़ने वाली दोनों ओर की सड़कें भी जर्जर हालत में हैं। इसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, रोड़ उखड़ गई है और एट टोल बूथ के पहले एक प्राइवेट टोल बूथ लगा है जो ट्रकों से पैसे वसूल करता है। रोड ठीक न होने एवं डिवाइडर ठीक तरीके से न बनाये जाने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। उरई तहसील के ग्राम बड़ागांव, सोमई में वाहन सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है एवं कालपी नगर में लगभग दो किलोमीटर का रोड आज तक नहीं बना है जिसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर घण्टों जाम लगा रहता है जिससे कई मरीजों की समय से अस्पताल न पहँच पाने के कारण असमय मृत्यु हो जाती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्रीय जांच समिति का गठन कराकर राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग-25 का भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा कालपी नगर में अधूरे कार्य को पूर्ण कराया जाए जिससे सड़क दुर्घटनाओं एवं जाम की समस्या से निजात मिल सके।